हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, दिसंबर 21, 2023

तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.1 डिग्री

11 चार गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



12 हड़ताल से सूनी पड़ी रही सब्जी मंडियां



## शहर में आज

- पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ करेगा प्रदर्शन दोपहर 1 से 3 बजे तक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- रोडवेज कर्मचारी बैठक करेंगे दोपहर 1 बजे के बाद
- राजकीय प्राथमिक संघ का चुनाव कलानौर में

## पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े 15 आरोपियों के घरों पर की छापेमारी

# 200 जवानों ने सुबह 4 बजे खंगाले नशा तस्करों के ठिकाने

# ढाई लाख कैश, क्रेटा, 49 मोबाइल, लैपटॉप व टीवी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस के 200 जवानों ने बुधवार अल सुबह 4 बजे नशा तस्करों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। अलग-अलग टीम ने खोखराकोट, करतारपुरा, रैनकपुरा, कच्ची गढ़ी मौहल्ला, गढ़ी मौहल्ला व शहर के अन्य क्षेत्रों में नशा तस्करों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। नशा तस्करों के घरों को खंगाला गया। इस दौरान पुलिस ने 2 लाख 42 हजार 870 रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण, 49 मोबाइल फोन, एक क्रेटा गाड़ी, कई एटीएम कार्ड, 5 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी, 16 एसी, 11 एलईडी-टीवी, 7 फ्रीज, 4 वाशिंग मशीन, 1 लैपटॉप, कई पासबुक व अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने यह छापेमारी 15 नशा तस्करों की पहचान करके की थी। सुबह ही पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी पुलिस लाइन में एकत्रित किया गया था। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ पुलिस नश तस्करों के घरों में रेड करने के लिए पहुंचे।

■ पुलिस टीम ने पूरी तैयारी के साथ तस्करों के घरों पर डाली रेड

### दो टीमों का किया गठन

नश तस्करों के घरों में छापेमारी के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया व उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र के नेतृत्व में अलग-2 टीमों का गठन किया गया। छापेमारी में सीआईए-1, सीआईए-2, एएनसी व पीओ स्टाफ की टीम भी शामिल रही हैं। छापेमारी में 200 से ज्यादा जवान शामिल रहे।

### इन आरोपियों के घरों पर छापेमारी

पुलिस टीमों ने विजयपाल, हरिपाल, अक्षय, कैलाशवति, धर्मबीर, सुदामा, बिमला, निवासी करतारपुरा, सीमा, शीलू निवासी कच्ची गढ़ी मौहल्ला, संजय, रोहताश उर्फ बल्लु निवासी गढ़ी मौहल्ला, गीता, मनीष व मीना निवासी रैनकपुरा खोखराकोट के घरों में छापेमारी की गई। वहीं, आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। अल सुबह पुलिस की टीमों को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया।



रोहतक। एक घर से सामान जब्त करने के बाद वाहन पर लोड करते पुलिस कर्मचारी।



रोहतक। छापेमारी करने पहुंची पुलिस की टीम।



रोहतक। सामान को ले जाते पुलिस कर्मचारी।

### लोगों ने किया विरोध

छापेमारी के दौरान पुलिस ने नश तस्करों के घरों से सामान जब्त किया। इस दौरान लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि पुलिस ने घरों का ताला तोड़कर चोरी करके ले गए हैं। रैनकपुरा निवासी अनिल ने कहा कि वे पिछले करीब 100 साल से रह रहे हैं। पुलिस ने जीना हराम किया हुआ है। रात को पुलिस आती है और घरों में घुस जाती है। घरों बहन-बेटियां होती हैं। पुलिस से काफी परेशान हो चुके हैं। पुलिस जबरन घर में आकर सामान उठाकर ले जाती है। जो नशा बेचते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन जो नशा तस्करी नहीं करते उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों की जा रही है। उनके घर पुलिस छापा मारने आई, लेकिन नशीला पदार्थ नहीं मिला। इसके बाद भी सामान जब्त किया। पुलिस बार-बार सामान उठाकर ले जाती है।

### आरोपियों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

समाज समिति के प्रधान मास्टर रणधीर सिंह ने कहा कि साहसी समाज को अंग्रेजों के समय से ही अपराधी समझा जा रहा है। यह अवधारणा आज भी बंद नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन उनके समाज के साथ ठीक नहीं कर रहा। अपराधी की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि पुलिस यहां कई बार रेड करने आते हैं। जिसके घर में तलाशी लेते हैं, वह ठीक है, जो आरोपी है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन जो नशा तस्करी नहीं करता, उसका सामान जब्त करना गलत है।

### तस्करों की सूची बनाकर संपति होगी जब्त

पुलिस द्वारा मादक व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। तस्करों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई सम्पति का पता लगाया जा रहा है और नियमानुसार सम्पति को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए एएसपी मेधा भूषण के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। जो टीम द्वारा मादक पदार्थों के तस्करों की सूची बनाकर उनकी सम्पति का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही अन्य तस्करों की सम्पति को भी जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी।
**-हिमांशु गर्ग**, एसपी, रोहतक

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार मुकुल ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने खरैंटी, खरक जाटान एवं लाखनमाजरा से 36 इंच व्यास की न्यू मुन्द्रा पानीपत कच्चा तेल पाईप लाइन डालने की परियोजना कार्य के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत लाखनमाजरा के नायाब तहसीलदार मुकुल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

### लोक अदालत में 15 केसों का निपटारा, 9 बंदी रिहा



**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनिल कौशिक की देखरेख में जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 15 मुकदमों की सुनवाई के उपरांत इन का निपटारा करते हुए 9 बंदियों को रिहा किया गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता और जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनिल कौशिक के मार्ग दर्शन में प्राधिकरण द्वारा अर्पण संस्थान में विशेष कानूनी जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम किया गया।

### 22 से श्रीराम रंगशाला में गीता जयंती महोत्सव

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि सोनीपत रोड़ स्थित पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों को जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नागरिक गीता जयंती महोत्सव में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करें। अजय कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हवन, यज्ञ तथा गीता पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा।

### फायरिंग करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने काहनौर क्षेत्र के खेतों में हुई फायरिंग की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को सांय के समय नवनीत अपने खेतों में पानी लगा रहा था। नवनीत के पास रवि का फोन आय़ा व उसके साथ गाली गलौच करने लगा। रात करीब 8 बजे रवि नवनीत के खेत में कई लड़कों के साथ आया। युवक फायर कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 19 दिसंबर को को आरोपी हर्ष उर्फ वतन, साहिल उर्फ गोलू व रवि को गिरफ्तार किया गया।

## नर्सिंग एसो. आंदोलन को लेकर आज लेगी फैसला, पीजीआई में दो घंटे गेट मीटिंग



रोहतक। नर्सिंग एसोसिएशन का आंदोलन अभी जारी रहेगा। काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करने काा बुधवार को अंतिम दिन रहा। बृहस्पतिवार को पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन दो घंटे गेट मीटिंग करेगा। एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ द्वारा 15 दिसंबर से काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की जा रही थी। अब सरकार और नसिंर्ग एसोसिएशन के बीच अपनी मांगे मनवाने के लिए कांटे की टक्कर होगी। अल्टीमेटम के आखिरी दिन भी सभी नसिंर्ग स्टाफ ने काले बल्ले लगाकर अपना कार्य किया। विकास फौगाट ने बताया कि उन्होंने अपनी सरकार को समय दिया था जो कि पूरा हो गया है, लेकिन अभी तक सरकार के कानों पर जू नहीं रेंगी। मजबूरीवश सख्त कदम उठाने पड़ेंगे, जिसके लिए सरकार जिम्मेदारी होगी। बृहस्पतिवार को प्रदेश की सभी एसोसिएशन द्वारा कड़ा फैसला लिया जा सकता है। प्रधान विकास फौगाट ने कहा कि यदि सरकार उनकी अलाउंस को 7200 करने और उन्हें सी ग्रेड से बी ग्रेड श्रेणी में शामिल करने की मांग को नहीं मानती तो 21 दिसंबर को विजय पार्क में दोपहर 1 से 3 बजे तक गेट मीटिंग की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# फौजी ढाबे पर हवाई फायरिंग, बाल-बाल बचा मैनेजर

## वारदात सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने की तीनों आरोपितों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

चुलियाना मोड़ के पास फौजी ढाबे पर तीन लोगों ने हवाई फायरिंग किया। जिसमें काउंटर पर बैठा मैनेजर बाल-बाल बचा गया। गोली चलने के बाद वहां पर हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की। इस दौरान गोली चलाने वाले युवकों की पहचान हो गई।

■ **पैदल ही ढाबे पर पहुंचे थे युवक, फायरिंग से दहशत**

बता दें कि खटवाड़ी निवासी संदीप ने फौजी ढाबे को करीब 5 साल से जयकुमार से किराए पर दिया हुआ है। शाम को ढाबे का मैनेजर जसहिया निवासी नरसी काउंटर पर बैठा हुआ था। तभी तीन युवक पैदल ढाबे पर पहुंचे और पिस्तौल से फायर कर दिया। नरसिंह ने काउंटर के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई। गोली की आवाज सुनकर ढाबे आस-पास में भगदड़ मच गई और बदमाश हाथ में पिस्तौल लहराते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही डीएसपी राकेश मलिक व एसएचओ सुवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। फौजी दाबे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो युवकों की पहचान कारोर निवासी जतिन और रिटोली निवासी सोनू के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कियवुकों ने एक दहशत फैलाने के लिए गोली चलाई होगी। ढाबा मालिक ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है।



रोहतक। जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम।



रोहतक। घटनास्थल पर पड़े चले कारतूस।

### दो टीमों का गठन

गोली चलाने वालों की सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद है। जिसमें जतिन क और सोनू रिटोली के रूप में पहचान हुई है। दिवाली पर जतिन ने कारोर में ही एक युवक की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने दो टीमें बना दी गई है जो आरोपियों को जल्दी पकड़ लिया जाएगा। वारदात को देखते हुए लगता है कि बदमाशों ने एक दहशत फैलाने के लिए गोली चलाई है।
**-राकेश मलिक**, डीएसपी

## शिविर में 15 जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग लगाए




**रोहतक।** इनर व्हील क्लब ब्लूमिंग डेल द्वारा जरूरतमंदों के लिए बुधवार को कृत्रिम अंगदान अभियान चलाया गया। क्लब अध्यक्ष प्रीति बंसल ने बताया कि हिसार से आए चिकित्सकों की टीम ने 15 जरूरतमंद मरीजों को कृत्रिम शारीरिक अंग व उपकरण लगाए। इस अभियान में क्लब सदस्य डॉ. सोनिका मान, नेहा विज और पायल विज ने विशेष योगदान दिया। क्लब एडिटर ज्योति बंसल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसी भी कारणवश अपने अंग खो चुके दिव्यांगजन, जो अपने आप को समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, कृत्रिम अंगों के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना है।

## परविंद्र लगातार तीसरी बार बने शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान

**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड लाखनमाजरा की कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक जिला वरिष्ठ उप प्रधान संदीप दहिया, जिला महासचिव संजय चोपड़ा, जिला प्रधान रामराज काद्यान, जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा की उपस्थिति में राजकीय प्राथमिक पाठशाला घरावठी में संपन्न हुआ। जिला प्रवक्ता विजेंद्र बाह्मनिया, रोहतक ब्लॉक प्रधान मनोज हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक प्रधान के पद पर परविंद्र काद्यान को एकतरफा विजय मिली। वहीं उप प्रधान महिपाल, सचिव सुनील कुमार, सह सचिव संदीप कुमार और कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार नियुक्त किए गए। उपस्थित शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। नव चयनित कार्यकारिणी ने शिक्षकों और विद्यार्थी हितों के लिए संघर्ष करने का आश्वासन दिया। इस पर अवसर पर जिला आडिटर राजेश कुमार, जिला उपप्रधान गुगनमल, रोहतक ब्लॉक प्रधान मनोज हुड्डा, सुशील कुमार, सविता, सुनीता, प्रियंका रोहिल्ला व अन्य मौजूद रहे।




# देर रात तक डीजे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त, 50 दिन में 8697 शिकायतें

## चेतावनी देकर छोड़ा, अगली बार सामान जब्त होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नियमों का उल्लंघन कर देर रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस अब पुलिस सख्त रवैया अपनाएगी। ऐसा करने पर अब सामान जब्त कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि बीते 50 दिनों मे आमजन द्वारा डायल 112 पर देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाने की 8697 शिकायतें प्राप्त हुई।

पुलिस द्वारा शिकायत पर तुंरत कार्रवाई की गई और डायल 112 की टीम ने तुंरत मौके पर पहुंचकर तेज आवाज में बज रहे डीजे को बंद करवाया व दोबारा उसी की शिकायत मिलने पर सामान जब्त करने बारे हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कम्यूनिटी सेंटर, मैरिज पैलेस आदि में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजता है। रात 10 बजे के बाद किसी भी कम्यूनिटी सेंटर या मैरिज पैलस में डीजे बजाना कानून की अवेहलना है। उन्होंने बताया कि नवंबर महीने में डायल 112 पर 5489 व दिसंबर में अब तक 3208 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनपर पुलिस ने नियम के अनुसार कार्रवाई की।



■ शिकायत मिलने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच की कार्रवाई

■ कम्युनिटी सेंटर ओर मैरिज पैलेस पर नजर रख रही पुलिस

### रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर रोक



एसपी ने कहा कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी व साथ ही म्यूजिक सिस्टम व अन्य सामान को भी जब्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन डायल 112 पर डीजे बजाने वालों के खिलाफ सूचना दे सकते हैं। पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा रही है। डायल 112 मौके पर जाकर डीजे को बंद करवाया जा रहा है।

# मदवि में दीक्षांत समारोह 26 को वीसी ने तैयारी को लेकर ली बैठक



रोहतक। समरोह के लिए समीक्षा बैठक लेते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के 26 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले 18वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह के सुचारू आयोजन में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। आयोजन संबंधित सभी समन्वयक तथा उनके टीम सदस्य ये सुनिश्चित करें कि दीक्षांत समारोह हेतु जरूरी तैयारियां पूरी की जाएं। बैठक में दीक्षांत समारोह आयोजन संबंधित सभी पहलुओं पर बारीकी से चर्चा की गई। जिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डीन कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. एएस मान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिंधु, प्रॉक्टर प्रो. एससी मलिक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, प्रो. पुष्पा दहिया, प्रो. नसीब सिंह गिल व अन्य मौजूद रहे।


### उपायुक्त ने भी की समीक्षा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 26 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले 18वें दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन तथा विश्वविद्यालय प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार, एडिशनल एसपी मेधा भूषण, संयुक्त निगमायुक्त राकेश कुमार, एसडीएम विवेक आर्य, सिटी मजिस्ट्रेट मुकुंद जिला प्रशासन की ओर से महत्त्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए।

डॉक्टर्स सजेशन


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएगें। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नाहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर
सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

## डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका



आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

### हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।



### डायबिटिक नेफ्रोपैथी


जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थित में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचारः** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटिंयां रेंगने जैसा एहसास होता है।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।



### डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचारः** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

### हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

### डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचारः** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।

### कमजोर इम्यून सिस्टम



डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचारः** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटिमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

अवेयरनेस

अंजू जैन

## इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट



कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्सः** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियांः** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।

**डिप्रेशनरोधी दवाएंः** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।



**मल्टी विटामिन दवाएंः** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।

**बीपी कंट्रोलर पिल्सः** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्सः** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने में भुजंगासन को सबसे बेहतर योगासन माना जाता है। लेकिन इसका पूरा लाभ पाने के लिए इसकी सही विधि, इसे करने से पहले और करने के बाद के आसनों के बारे में, जरूर जान लें।

## सर्दी से बचाव में सहायक है भुजंगासन



सर्दी के मौसम में कुछ लोगों को ज्यादा ही ठंड लगती है। वो अकसर ठिठुरते रहते हैं। इसकी वजह सिर्फ यह नहीं होती कि वे गर्म कपड़े नहीं पहनते, बल्कि इस ठंड के लगने की एक वजह उनके शरीर की प्रतिक्रिया होती है। साथ ही कमजोर प्रतिरक्षा के चलते भी कुछ लोगों को ज्यादा सर्दी लगती है। यूं तो सर्दी से बचाव के लिए कई आसन कारगर हैं, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा कारगर और सरल भुजंगासन है।

**भुजंगासन से पहलेः** भुजंगासन करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि इसे एकदम से शुरू ना करें, बल्कि इसके पहले बालासन, गरुड़ासन और मार्जरी आसन करें। इससे ना सिर्फ भुजंगासन करना आसान होगा, बल्कि इसके फायदे भी बढ़ जाते हैं।

**भुजंगासन की विधिः** योगा मैट बिछाकर उस पर पेट के बल सीधा लेट जाएं। इस तरह लेटें कि पैरों के तलवे ऊपर की ओर हों। लेटने के कुछ क्षण गुजरने के बाद अपनी बाजुओं को जमीन पर टिकाएं और धड़ को ऊपर की तरफ पूरे खिंचाव के साथ ले जाएं। इस दौरान अपनी दोनों बाजुओं को जमीन पर मजबूती से टिकाए रखें। अब हाथों पर शरीर का अधिकतम वजन डालकर छाती को जितना ऊपर की तरफ खींच सकते हैं, खींचें। लेकिन ऐसा करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि आपके पेट के नीचे की त्वचा जमीन से उठनी नहीं चाहिए यानी पेट के नीचे का हिस्सा जमीन के साथ लगा रहना चाहिए और पेट के ऊपर के हिस्से को ही ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान अपने पैरों को अंगुलियों के बल टिकाकर रखें और पीठ को जितना मोड़ सकें, उतना आराम से मोड़ें। जबरदस्ती कुछ भी ना करें। ध्यान रखें इसका फायदा तभी है, जब इस दौरान आपकी बाजुएं पूरी तरह से तनी रहें और उनमें वजन महसूस हो। कम से कम पांच बार गहरी सांस पहले अंदर लें फिर बाहर छोड़ दें। यह 30 से 60 सेकेंड तक करें। अगर परेशानी महसूस हो रही हो तो 30 सेकेंड के बाद ही सामान्य मुद्रा में आ जाएं, नहीं तो एक मिनट तक तनी हुई कमान के समान मुद्रा बनाकर रखें। अनुभवी होने के बाद इसे 90 सेकेंड से ज्यादा ना करें।

**भुजंगासन के बादः** जिस तरह सीधे भुजंगासन करने से पहले कुछ दूसरे योगासन किए जाएं तो उनसे ज्यादा फायदा मिलता है। ठीक उसी तरह भुजंगासन करने के बाद भी कुछ दूसरे आसन किए जाएं तो इस आसन के और ज्यादा फायदे मिलते हैं। भुजंगासन के बाद योगाचार्य जिन आसनों को करने की सलाह देते हैं, उनमें बितिलासन, ऊर्ध्वमुख श्वानासन और सेतुबंधासन शामिल हैं।

**आसन के फायदे :** भुजंगासन करने से सर्दी से बचाव होता है। इसके अलावा यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी लचीली और मजबूत बनती है। छाती, फेफड़ों, कंधों और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। तनाव और थकान दूर होती है। साइटिका की समस्या से छुटकारा मिलता है। अस्थमा के लक्षणों को भी नियमित तौर पर भुजंगासन करने से कम किया जा सकता है। साथ ही प्रजनन प्रणाली में भी इसे नियमित करने से फायदा मिलता है।

**सावधानी बरतेंः** भुजंगासन हमेशा अनुभवी योगाचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए। जरा भी लापरवाही होने से रीढ़ की हड्डी में चोट लग सकती है, जिसका परिणाम घातक हो सकता है। पीठ में किसी तरह की चोट पहले से लगी हो तो भूलकर भी यह आसन ना करें। इसके अलावा सिरदर्द हो या गर्भावस्था में महिलाएं इस आसन को ना करें। *

प्रिकॉशन

डॉ. संजीव डांग
ईएनटी सर्जन
अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली

वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका

सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारणः** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।



**संक्रमण के लक्षणः** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीकेः** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचावः** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

# चार गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, दिया योजनाओं का लाभ

- लोगों को योजनाओं की लघु फिल्में दिखाई जा रही व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुना रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैन जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्रति दिन 5 कार्यक्रमों में लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रही हैं। यह वैन एलईडी स्क्रीन से युक्त हैं।

लोगों को योजनाओं की लघु फिल्में दिखाई जा रही हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुना रहे है।

अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन 1 ने जिला के गांव गिझी एवं दतौड़, वैन 2 ने डोभ व बहु जमालपुर एवं वैन 3 ने रोहतक शहरी क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया।

## भारत को विकसित बनाने में एक-एक नागरिक का होगा योगदान : मनीष ग्रोवर



### गिझी एवं दतौड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित



वरिष्ठ नेता सतीश नांदल ने गांव गिझी एवं दतौड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन को मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि यह गाड़ी गरीब वंचित लोगों को मौके पर उनका हक दिलवा रही है। इस अवसर पर सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून, तहसीलदार गुलाब सिंह, सामाजिक शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी संजय अहलावत, जितेंद्र भारद्वाज, अभिनंदन भारद्वाज, सुखबीर, रमेश अत्री, पवन अत्री, ऋषिपाल, विक्की, सरपंच सुखबीर आदि मौजूद रहे।

### गिझी में 1726 में से 48 लाभार्थियों ने उठाया स्वास्थ्य बीमा का लाभ

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि गिझी गांव में 485 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन का लाभ दिया जा रहा हैं। अब तक इस गांव में 21 पैंशन स्वतः बनी है। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1726 लाभार्थियों में से 48 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 13 लाख 95 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। दतौड़ गांव में 494 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन का लाभ दिया जा रहा हैं। अब तक इस गांव में 15 पैंशन स्वतः बनी है। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1436 लाभार्थियों में से 52 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 11 लाख 87 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।

### अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलवाई



वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत ने कार्यक्रमों के दौरान उपस्थितगण को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फैंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को मजबूत करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलवाई।

### योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रही यात्रा

मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से स्क्रीन पर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों की फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश भाटिया, पार्षद सुरेश किराड़, डिप्टी मेयर अनिल कुमार, मंडल प्रभारी ईश्वर चंद्र सिंघल, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता दांगी, अजय खुंडिया, बॉबी गजराज, सुनील राठौर, अमित बंसल, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, बंसी विज, नरसिंह दास चुघ के अलावा नगर निगम के संयुक्त प्रयुक्त राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मोर्चा ने कल्याण, ममता व राहुल का पुतला फूंका

**रोहतक।** झज्जर चुंगी पर टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी, ममता बनर्जी, राहुल गांधी का भाजपा के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार सुनारियां की अध्यक्षता में पुतला फूंका। दिल्ली में संसद के मुख्य द्वार पर हमारे देश के उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ की नकल उतारकर मजाक उड़ाए गए एक संवैधानिक पद पर बैठे किसान परिवार के बेटे को अपमानित किया गया। जिसमें कई सांसद मजाक उड़ा रहे और राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे।



### शिक्षुता जागरूकता वर्कशॉप आयोजित

**रोहतक।** तिलियार टूरिस्ट रिजॉर्ट में क्षेत्रीय निदेशालय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग मोहाली द्वारा जिला स्तरीय शिक्षुता जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन नगराधीश मुकुंद तंवर की अध्यक्षता में आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में जिला में स्थित विभिन्न निजी उद्योगों एवं सरकारी कार्यालयों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### सरीना ने टेनिस में जीता लड़कियों का एकल खिताब


**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने जयपुर में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूनार्मेंट में लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग में एकल खिताब जीतकर सोनीपत जिला व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सरीना ने युगल मुकाबले में भी बेहतर खेल दिखाकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया।

## किसान कंपनी व स्थानीय अधिकारियों से लगा चुके गुहार

# दिल्ली-कटड़ा हाईवे से नहरी पानी का संकट, किसान परेशान

जेएलएन के निकट स्थित गांव रिठाल के खेतों से यह राष्ट्रीय राजमार्ग निकल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** गांव रिठाल में बंद नहरी पानी को दिखाते हुए लोग।

निर्माणधीन दिल्ली- कटड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग की वजह से रोहतक के गांव रिठाल की करीब पांच सौ एकड़ कृषि भूमि को दो साल से नहरी पानी नहीं मिल पा रहा है। परेशान किसान इस बारे में संबंधित कंपनी व स्थानीय अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जेएलएन के निकट स्थित गांव रिठाल के खेतों से यह राष्ट्रीय राजमार्ग निकल रहा है। निर्माण कार्य जोरों पर है लेकिन सिंचाई विभाग की ओर से स्थापित जिस मोगे से यहां के खेतों को पानी मिल रहा था, वह अवरूद्ध है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया नंबर 30971 है। इसके नीचे से जेएलएन के मोगा नंबर 230 से करीब पांच सौ एकड़ कृषि भूमि को पानी मिलता रहा है। यह मोगा जासिया माइनर से जोड़ा गया है। सिंचाई जल के संकट के चलते कुछ स्थानीय किसानों ने जेएलएन के साथ ट्यूबवेल लगाए हैं जिनकी पाइप लाइन राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करते हुए खेतों तक पहंचाई गई है। मजबूरी में लगाए गए ये ट्यूबवेल किसानों को काफी महंगे पड़े हैं। जिन खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां की फसल हर सीजन में चौपट हो रही है। हैरानी की बात यह है कि इस कृषि भूमि को नहरी पानी नहीं मिल रहा है और इसकी एवज में सिंचाई विभाग संबंधित किसानों को उगाही का बिल भेज रहा है। किसान जुर्माने से बचने के लिए यह बिल अदा करने पर विवश हैं।

प्रभावित जमीन में जिन किसानों की कृषि भूमि है उनमें गांव के कुलबीर, सतबीर, मनोज, हरदीप, हरप्रीत, नवीन, धर्मबीर, सतपाल, नंदा, कृष्ण, सुदामा, बलराम, मलखान व अन्य शामिल हैं। सभी किसान बिना पानी की एक बूंद लिए सिंचाई विभाग को बिल का भुगतान कर रहे हैं। हाइवे साइट्स के मुताबिक हाइवे के इस हिस्से का निर्माण करीब 1048 करोड़ रुपए की लागत से होना है। जसौर खेड़ी से गांव रुखी तक इस मार्ग की लंबाई 34 किलोमीटर है। स्थानीय किसानों का कहना है कि उनके यहां के मार्ग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

### किसान कई बार अथॉरिटी के अधिकारियों से मिल चुके

हाइवे अथॉरिटी की मंशा उनके खेतों की लाइन को पूरा करना नहीं है। इस बारे में वे कई बार अथॉरिटी के अधिकारियों से मिल चुके हैं। क्या कहना है अधिकारियों काहाईवे अथॉरिटी से संबद्ध कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के स्थानीय अधिकारी कृष्ण कुमार से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जेएलएन से खेतों तक नाली का निर्माण किया गया है। एक स्थान पर शेष है उसे भी पूरा किया जाएगा। अभी कार्य चल रहा है।

# भवन निर्माण कामगार यूनियन 27 दिसंबर को करेगी प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भवन निर्माण कामगार यूनियन के आह्वान पर 27 दिसंबर को हड़ताल करके सैकड़ो मिस्त्री-मजदूर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन की तैयारी में रोहतक ब्लॉक के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन के प्रदेश सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि यह प्रदर्शन मजदूरों के उत्पीड़न के मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने, प्रवासी मजदूर का कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण न करने, दिहाड़ी मारे जाने के मसलों पर प्रशासन के रवैये, मनरेगा की तहत सभी कामगार कोई काम देने एवं अन्य लंबित मसलों पर किया जाएगा। भवन निर्माण कामगार यूनियन के रोहतक ब्लॉक कार्यकर्ताओं की मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संजीव सिह ने की। कामरेड विनोद ने कहा कि सरकार श्रम कानून को तोड़कर मालिकों के पक्ष में कानून बना रही है। आए दिन मारी गई दिहाड़ी व मारपीट के मामले रोजाना बढ़.रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतों के चलते निर्माण क्षेत्र में रोजगार घट रहा है। वहीं ऐसे जटिल हालत में काम करने के बावजूद दिहाड़ी मारने और गुंडागर्दी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### ये हैं मांगे

- मजदूरों के साथ ज्यादती के मामलों में तुरंत कार्रवाई करें और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए
- रोहतक शहर में सेड का निर्माण किया जाए।
- लेबर चौक पर खड़े होने वाले सभी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन किया जाए
- मजदूरों की दिहाड़ी मारने वाले मालिकों पर कार्रवाई की जाए और मारी गई दिहाड़ी के मामलों को तुरंत निपटाया जाए।
- 90 दिनों के काम की वर्क स्लीप वैरिफाई श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा की जाए। पंचायत अधिकारियों को भी वर्क स्लीप वेरिफाई जाए। वर्क स्लिप के लिए रिजेक्ट किए गए फार्म सभी ओपन किए जाए।
- फैमिली आईडी में निर्माण मजदूर न होने के कारण भी ऑरिजनल मजदूरों के छात्रवृति व अन्य प्रकार के फार्म भरने से वंचित है। इसका समाधान किया जाए।
- मजदूरों के सभी प्रकार के फार्मों को बिना किसी ठोस कारण रिजेक्ट करने वाले अधिकारियों पर तुरंत कार्यवाही की जाए।
- मनरेगा मजदूर को 200 दिन काम 600 रुपये दिहाड़ी लागू की जाए।

# शिविर में 103 ने किया रक्तदान

- एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट ने किया कैंप का शुभारंभ
- महम चीनी मिल के परचेज ऑफिसर सुरेंद्र सिंह ने रक्तदाताओं का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



**महम।** प्रभु उपहार भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में लगाए गए रक्तदान शिविर का रीबन काटकर शुभारंभ करते एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 148वीं जयंती व बीके चेतना बहन के जन्मदिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारीज प्रभु उपहार भवन के प्रांगण में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसडीम दलबीर सिंह फौगाट ने रीबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी जोगिंद्र गिरोत्रा ने की। महम शाखा की सह संचालिका बी.के. सुमन बहन ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया व रक्तदाताओं का आभार जताया। एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे पुण्य कार्य है दूसरों को जीवन दान देने तथा स्वयं स्वस्थ रहने के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए । शिविर में ब्रह्माकुमारीज शाखा महम से जुड़े 103 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। महम चीनी मिल के परचेज ऑफिसर सुरेंद्र सिंह ने भी रक्तदान शिविर में शिरकत की। कहा कि ब्रह्माकुमारीज शाखा ने पहली बार रक्तदान शिविर लगाकर पुण्य का काम किया है। शाखा प्रमुख बी के चेतना बहन क्षेत्र के लोगों का मार्गदर्शन करके नेक रास्ते पर लाने का काम कर रही हैं। संस्था बहुत ही सराहनीय काम कर रही है। जिसका क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। इस मौके पर बसंत लाल गिरधर, पूर्व प्राचार्य कर्मवीर सिंह, जोगेंद्र व सुरेंद्र सिंह समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# महिला भारोत्तोलन का कन्या महाविद्यालय खरखौदा विजेता

- स्पर्धा में केएम कॉलेज खरखौदा ने 19 अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही इंटर कॉलेज महिला वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गई। स्पर्धा में केएम कॉलेज खरखौदा ने 19 अंक हासिल करके प्रथम, एमकेजेके रोहतक ने 18 के साथ दूसरा और टीआरजीसी कॉलेज सोनीपत ने अंक लेकर तीसरे स्थान हासिल किया। इससे पूर्व 45 किलोग्राम में टीकाराम कॉलेज की रीतू प्रथम, एमकेजेके रोहतक की अनुराधा दूसरे, हिंदू कॉलेज सोनीपत की शीतल तीसरे, 49 में एमकेजेके की सान्या प्रथम, हिंदू सोनीपत की दिव्या दूसरे, हिंदू सोनीपत की अंकिता तीसरे, 55 में एमकेजेके की पायल प्रथम, केएम खरखौदा की ईशू दूसरे, एमकेजेके की काजल तीसरे, 59 में टीकाराम सोनीपत की स्नेहा पहले, केएम खरखौदा की अंजलि दूसरे, एमकेजेके रोहतक की काजल तीसरे, 64 में केएम खरखौदा की मानसी प्रथम, एमकेजेके रोहतक की दृष्टि दूसरे, जीसी तिगांव की आरती तीसरे, 71 किलोग्राम में केएम खरखौदा की मंजू पहले, केएम खरखौदा की रीतिका दूसरे और टीकाराम सोनीपत की पूजा दूसरे स्थान पर रही। स्पर्धा के समापन पर एमडीयू स्पोर्टर्स काउंसिल की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णा चौधरी और खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### महिला वर्ग में मानसी प्रथम

इधर एमडीयू में बुधवार से इंटर कॉलेज महिला एवं पुरुष मलखंब प्रतियोगिता शुरू हुई। महिला वर्ग में मानसी प्रथम, दीक्षा दूसरे और संजना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष कैटेगरी पहले स्थान पर गजेंद्र राणा पहले, रामचरण दूसरे और राहुल तीसरे स्थान पर रहे। वीरवार को स्पर्धा का समापन होगा।

## हरियाणा के 10 हजार युवाओं को इजराइल युद्ध में झोंकने की तैयारी में खट्टर सरकार

# महम के सिविल अस्पताल का 9 साल में भी नहीं हुआ सुधार: ढांडा

- खट्टर सरकार को हरियाणा के किसानों और युवाओं की कोई फिक्र नहीं : अनुराग ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम




महम। बदलाव यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकताअरं का अभिवादन स्वीकार करते आप नेता अनुराग ढांडा व विकास नेहरा।

आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा छठे दिन महम पहुंची। श्रीकृष्ण धर्मकांटा के पास राजीव चौक पर आप नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा व विकास नेहरा समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। विकास नहरा ने कहा कि महम की जनता ने हरियाणा के 57 साल के इतिहास में कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय भी बनाकर देख लिया। लेकिन महम के लोगों को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 साल कांग्रेस ने राज किया और 9 साल से भाजपा राज कर रही है। लेकिन न जनता को बिजली-पानी और न अच्छे स्कूल अस्पताल दे पाए। इसके अलावा बच्चों को आज भी नौकरी नहीं मिलती। जनसभा में उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि महम के सिविल अस्पताल की पिछले 9 साल में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। आसपास के गांव के लोगों को बेहतर इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

### 1585 स्कूलों में शौचालय नहीं

अनुराग ढांडा ने कहा कि हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार पर 5 लाख का जुमार्ना लगाया है। हरियाणा के 1585 स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, जिसमें से 550 स्कूल छात्राओं के हैं। 236 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं हैं, 40 हजार से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और 8240 क्लास रूम की कमी है। इससे पता चलता है कि सरकार ने हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था को भी तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख सरकार पद खाली पड़े हैं और सीएम कहते हैं 10,000 युवाओं को रोजगार के लिए इजरायल भेजेंगे।

### सभी किसानों को मुआवजा नहीं दिया

अनुराग ढांडा ने कहा कि बाढ़ से खराब हुई फसलों का 1 लाख 40 हजार किसानों ने मुआवजा मांगा, लेकिन भाजपा सरकार ने केवल साढ़े 34 हजार किसानों को मुआवजा दिया। उन्होंने कहा राजस्थान में भाजपा कह रही है किसानों को गेहूं 2700 रुपये में खरीदेंगे, लेकिन हरियाणा के किसान का क्यों नहीं खरीदते। लेकिन आम आदमी पार्टी व्यवस्था बदलाव के लिए यात्रा निकाल रही है। ताकि स्कूल-अस्पताल अच्छे हों और 24 घंटे मुफ्त बिजली व मुफ्त पानी मिले। उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी झाड़ू से हरियाणा के भ्रष्टाचार की सफाई करेगी।

### सूचना

मैं, जगदीश चन्द्र पुत्र श्री भले राम निवासी गांव निन्दाना तह. महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्रवधु अंजू पत्नी जसबीर मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप

### सांसदों के निलंबन पर माकपा का प्रदर्शन कल

**रोहतक।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के आह्वान पर विपक्षी सांसदों के निलंबन की कारवाई को लेकर माकपा जिला कमेटी 22 दिसंबर को प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की राष्ट्रीय बैठक में, सांसदों द्वारा संसद की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जाने पर किए गए, निलंबन को लोकतंत्र पर कुठाराघात बताया। इंडिया गठबंधन ने देशभर में संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। जिला सचिव डॉ. जगमति सांगवान ने कहा है कि वह इंडिया गठबंधन के घटक दलों के पदाधिकारियों से संपर्क कर रही हैं और माकपा का प्रयास है कि सभी विपक्षी दल प्रतिरोध करें।

### तीन से शुरू होगा गाइडेंस प्रोग्राम का नया बैच

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज 3 से 24 जनवरी तक सॉफ्ट स्किल्ज एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के छठे बैच का आयोजन करेगा।निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी ने बताया कि इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में एडमिशन लेने के इच्छुक एमडीयू के कैंपस स्कूल, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थी 2 जनवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए एक्टिविटी सेंटर स्थित यूथ सेंटर कार्यालय में विजिट कर सकते हैं।

### धूमधाम से मनाया क्रिसमस का त्योहार

**रोहतक।** तिलयार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में बुधवार को छात्रों एवं स्टाफ द्वारा क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देसवाल ने बताया कि छात्रों द्वारा पूरे संस्थान को बड़े अच्छे तरीके से सजाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश जून व गौरव मलिक रहे। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।

## फल और सब्जी पर एकमुश्त मार्केट फीस का विरोध कर रहे हैं आढ़ती

# आढ़ती हड़ताल पर रहे, सुनसान पड़ी रही सब्जी मंडी अब सीएम से आस, बात नहीं बनी तो बड़ा आंदोलन

नए नोटिफिकेशन में स्लैब बनाकर एडवांस में आढ़तियों को मार्केट फीस भरने को कहा गया है। आढ़ती इसका विरोध कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक





#### व्यापारियों के हित में नहीं नोटिफिकेशन

नए नोटिफिकेशन में बहुत सारी त्रुटियां हैं और यह फैसला व्यापारियों के हित में भी नहीं है। अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं और कुछ लोग सरकार की गुड बुक्स में रहकर मंडियों के व्यापार को खराब करने पर उतारू हैं। आढ़ती तो किसानों और अंतिम उपभोक्ता के बीच की कड़ी है, हम लोग ग्राहक से 2 प्रतिशत टैक्स लेकर प्रति सप्ताह सरकार को देते हैं। अगर सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी तो यह हड़ताल अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाई भी जा सकती है और 2024 के विधानसभा चुनाव में सरकार को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

-सोनू छाबड़ा, मंडी प्रधान, रोहतक

#### आढ़तियों से भेदभाव किया

कोरोना काल में जब डॉक्टरों, सफाई कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को कोरोना योद्धा मानकर सम्मानित किया जा रहा था तब आढ़तियों से भेदभाव किया गया। रोहतक ऐसी मंडी थी जहां हमने यह स्पष्ट किया था कि कोई भी परचून या मंडी का दुकानदार ग्राहक को उसी रेट पर सब्जी देगा जो तय किया गया है। ज्यादा रेट वसूलने वालों की शिकायत हमसे की जाएगी। सैकड़ो आढ़तियों ने जान गंवाई, लेकिन प्रदेश में फल और सब्जियों की दिक्कत नहीं आने दी। फिर भी सरकार ने यह कर लगाया। साहिल ने बताया कि 19 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में सीएम के पीए से भी मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस नोटिफिकेशन पर कार्रवाई करके इसको रोका जाएगा, लेकिन अभी तक इसको कैंसिल नहीं किया गया। बुधवार को हरियाणा की सभी छोटी बड़ी मंडियां बंद हैं।

-साहिल मग्गू, मंडी महासचिव, रोहतक

फल और सब्जी पर एकमुश्त मार्केट फीस के नोटिफिकेशन के विरोध में बुधवार को आढ़ती हड़ताल पर रहे। सब्जी मंडी में न कोई दुकान लगी न कोई ग्राहक नजर आया। आसपास भी फल और सब्जी की रेहड़ी नहीं लगाई गई। पूरा दिन सब्जीमंडी सुनसान पड़ी रही। 100 से ज्यादा आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

हड़ताल को देखते हुए आढ़तियों को सरकार ने मुलाकात के लिए बुलाया है। अब शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री और आढ़तियों में बातचीत होगी। आढ़तियों ने चेतावनी दी कि यह तो अभी ट्रेलर है, नया नोटिफिकेशन वापस नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जाएगी। दरअसल नए नोटिफिकेशन में स्लैब बनाकर एडवांस में आढ़तियों को मार्केट फीस भरने को कहा गया है। आढ़ती इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि एडवांस में फीस भरवाना उचित नहीं है। मौसम के अनुसार किसी वर्ष फसल कम या ज्यादा होने के कारण व्यापार प्रभावित होता है, इसलिए एडवांस में कैसे मार्केट फीस भरी जा सकती है। अगर किसी कारण से पारिवारिक या शारीरिक परेशानी के कारण अगर कोई आढ़ती का व्यापार प्रभावित होता है, लेकिन मार्केट फीस पहले ही भर चुका होने के कारण उसको वापस लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे।

#### सुबह 4 बजे ही बैठ गए आढ़ती

सब्जी मंडी के आढ़ती बुधवार सुबह 4 बजे ही मंडी में पहुंच गए थे। सभी ने मंडी का दौरा भी किया और देखा कि कोई दुकान खुली तो नहीं है। इसके अलावा सब्जी मंडी के आसपास रेहड़ी वालों को भी पहले ही कहा जा चुका था कि हड़ताल के दौरान कोई भी रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी। आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि इससे पहले अढ़तियों पर 2020 में 1 प्रतिशत मार्केट फीस और 1 प्रतिशत एचआरडी फीस लगाई थी, जिसका पूरे प्रदेश के आढ़ती लगातार विरोध कर रहे थे। यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश और कहीं पर यह मार्केट फीस 50 पैसे है तो कहीं 75 पैसे। लेकिन पूरे देश में ऐसा कोई भी राज्य नहीं है जहां पर काम करने से पहले मार्केट फीस भरवा ली जाती हो। हरियाणा के आढ़ती इसका विरोध करते हैं और प्रदेश की सभी छोटी बड़ी मंडियां बंद हैं।

#### सब्जी-फलों के रेट पर दिखा असर

हड़ताल के कारण पूरे ।हर में कोई भी दुकानदार सब्जी नहीं ले जा सका। इसका असर यह रहा कि गली मोहल्लों में घूमने वालों और अन्य जगहों पर दुकान लगाने वालों ने सब्जी और फलों के रेट ज्यादा वसूले। परचून में 20 किलो बिकने वाली गाजर बुधवार को 30-35 रुपये किलो बिकी। इसी तरह 30 रुपये किलो बिकने वाली गोभी का रेट 40-45 रुपये किलो के हिसाब से लिया गया।

#### मार्केट फीस का भी नुकसान

हड़ताल के कारण सरकार को भी मार्केट फीस का नुकसान हुआ है। हड़ताल पर बैठे आढ़तियों के अनुसार रोहतक में करीब 50-60 हजार रुपये की मार्केट फीस का नुकसान हुआ। अगर मांग नहीं मानी गई तो बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इससे सरकार को नुकसान होना स्वाभाविक है।

#### सभी से मिले कोई समाधान नहीं

रामेश्वर सैनी, राजकुमार मग्गू, नरेंद्र सैनी, नंदकिशोर, गुलशन, हरीश सैनी ने बताया कि आढ़ती संगठन के पदाधिकारी विधायक, से लेकर कृषि मंत्री जेपी दलाल, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और मुख्यमंत्री मनोहर लाल से कई बार मिल चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। करीब 2 साल पहले कृषि मंत्री ने ट्विटर के से जानकारी दी थी कि अब मंडियों में फल और सब्जी बेचने पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। जब लोगों को यह बात पता चली तो बहुत से लोगों ने यह टैक्स देने के लिए मना कर दिया और बहुत बार तो आढ़तियों को अपनी जेब से यह टैक्स सरकार को देना पड़ता है।

#### किसानों का भी नुकसान

विक्की ढुल, राजू मेंहदीरत्ता, राहुल, कपिल, रवि, बंटी कत्याल, सन्नी डंग, दिनेश कथूरिया, पवन, पप्पू, काला ने बताया कि न केवल मंडी बंद रहने से उपभोक्ताओं को सब्जी व फल महंगे मिलते हैं, बल्कि किसानों की फसल भी खेत में ही खराब होती है।

आढ़ती तो किसानों और अंतिम उपभोक्ताओं के बीच की कड़ी है, हमारा काम किसानों को उसकी फसल का सही रेट दिलवाना और ग्राहकों को वाजिब दामों पर सब्जी व फल उपलब्ध कराना है। कोरोना महामारी के समय भी हमने रोहतक शहर में कालाबाजारी को पूरी तरह से मीडिया के माध्यम से रोका था।



**महम।** सब्जी मंडी में धरने पर बैठे आढ़ती सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सब्जी मंडी महम के आढ़तियों ने की एक दिन की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

- मार्केट फीस बढ़ाने से नाराज आढ़तियों ने की नारेबाजी

सब्जी मंडी महम के आढ़ती बुधवार को हड़ताल पर रहे। आढ़तियों ने नई सब्जी मंडी में धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आढ़ती सरकार द्वारा एकमुश्त मार्केट फीस लागू करने का विरोध कर रहे थे। कहा कि इस तरह मार्केट फीस बढ़ाकर सरकार उनको परेशान करने पर तुली हुई है। आढ़तियों ने प्रदर्शन के दौरान काला कानून वापस लेने और मार्केट फीस माफ करने की मांग की।

महम नई सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने काले कानून के खिलाफ की एक दिवसीय हड़ताल। महम सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन सदस्यों ने कहा कि कोरोना काल से पहले मार्केट फीस माफ थी। कोरोना काल में मार्केट फीस लगाई गई जो हर सप्ताह जमा करवाते हैं। लेकिन सरकार ने अब सब्जी मंडी आढ़तियों के खिलाफ काला कानून बनाया है। जिसके तहत आढ़तियों को अब एक मुश्त फीस जमा करने का फरमान जारी किया है। जिसके तहत सालभर की फीस एक साथ भरने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं अगले साल की मार्केट फीस दस फीसदी बढ़ाकर जमा कराने का का तुगलकी फरमान सुना दिया गया है। जिससे आढ़तियों को काफी नुकसान होगा। आढ़तियों ने इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। आढ़तियों ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो सब्जी मंडियों की हड़ताल आगे भी जारी रह सकती है। हालांकि यह फैसला प्रदेश स्तरीय कमेटी करेगी।

## हरि मंदिर में हुआ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन



**रोहतक।** आदर्शन नगर स्थित हरि मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान साध्वी मुक्तानंद ने प्रसंग सुनाकर भक्तों का मार्गदर्शन किया। कथा का समापन 24 दिसंबर को होगा। कथा के दौरान सभी भक्ति में लीन नजर आए। साध्वी मुक्तानंद ने कहा कि कथा का श्रवण करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का दिखाई दिया सकारात्मक असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

एसडीएम कार्यालय में खंड स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम दलबीर सिंह ने की। बैठक में एसडीएम ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान का सकारात्मक असर दिखाई देना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में कन्या भ्रूण हत्या न हो। इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता से काम करें। इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल स्थापित कर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें और इसी कार्य योजना के तहत काम करें। उन्होंने कहा कि गांवों के लिंगानुपात में सुधार की जरूरत है। गांवों पर अधिकारी विशेष फोकस रखे।



**महम।** विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट। फोटो : हरिभूमि

गांवों में कन्याओं के प्रति लोगों की सोच को सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करवाये। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए अधिकारी अधिक से अधिक प्रचार एवं प्रसार भी करें, ताकि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य को जन- जन तक पंहुचाया जा सके। एसडीएम फोगाट ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जितने भी आंगनवाड़ी केन्द्रो को अपग्रेड करके प्ले स्कूल बनाया गया है उन सब में बिजली, पानी, आर ओ, बिल्डिंग, किचन, शौचालय, की मरम्मत को पूरा करवाने के अधूरे पड़े कार्य को अतिशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांवों में सभी केन्द्रों पर पानी की टंकी रखकर उसपर आर ओ लगवाने के कार्य को प्राथमिकता के तौर पर लेकर पूरा करवाएं ताकि प्ले स्कूल में आने वाले बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके।

एसडीएम ने बिजली विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी सेंटर में अभी तक बिजली की आपूर्ति रह गई है तो उसमें तुरंत कनेक्शन करें और प्रत्येक सेंटर में स्वच्छ पानी की टंकी के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस बारे जो भी कार्य पंचायत की तरफ से करवाया जाना है वो भी तुरंत करवाया जाए।

उन्होंने पंचायती राज अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्ले स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूरा करें। इस बैठक में सरिता खंड शिक्षा अधिकारी महम, नवीन नगर पालिका सचिव महम, सीडीपीओ महम गायत्री, सुपरवाईजर अलका, बबीता, प्रीति, पूनम, प्रीति,विभिन्न सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## केन्द्रीय विद्यालय में हुई बैठक

**रोहतक।** बुधवार को केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अजय कुमार ने की। इस दौरान विद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं मुख्य परियोजनाओं पर उपायुक्त ने अपनी राय एवं संस्तुति रखी। समिति के सदस्यों ने विद्यालय को भौतिक रूप से बेहतर बनाने और सभी वांछित सुविधाओं के लिए सहयोग का आशवासन दिया। वहीं उपायुक्त ने विद्यालय भवन का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से बातचीत की।

विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार, पीजीआईएमएस से डॉ. हिमांशु, घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्या राकेश गुप्ता, आकाशवाणी केन्द्र के निदेशक यज्ञदत्त मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, एमडीयू से समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. देशराज, खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग आदि मौजूद रहे।



## सांपला धरने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले किलोई के किसान का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सांपला से डेढ़ साल से चल रहे धरने में सक्रिय रहे किलोई के किसान का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे। लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप हुड्डा ने बताया कि किसान ईश्वर हुड्डा के निधन पर धरने स्थल पर शोक जताया गया। किसान संगठन उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने बताया कि लगातार धरने पर आते थे और पूरी सक्रिय भूमिका में थे। ईश्वर मंगलवार शाम को ही धरने से अपने घर गए थे। बुधवार को उनका निधन हो गया।

धरने में रूप सिंह, भगत सिंह, श्री शमशेर सिंह, पानीपत से डॉक्टर बलवान सिंह, झज्झर से श्री बिजेंद्र सिंह मलिक, रोहतक से रणबीर सिंह, रोहतास सिंह, हवासिंह, सतपाल सिंह, बहन सुशीला, दर्शन सिंह, इस्माइला, रणबीर सिंह ओहल्याण, लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप हुड्डा, बलियाणा से रामफल देशवाल मौजूद रहे।

## नपा सफाई कर्मचारियों व ठेकेदारों के बीच वार्ता विफल, नहीं निकला हल

- नपा सचिव नवीन नांदल, सफाई कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अनिल कागड़ा व सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान महासचिव सुनील कुमार अहलावत भी बैठक में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

नगर पालिका में ठेके पर लगे सफाई कर्मचारियों का धरना 17वें दिन भी जारी रहा। बुधवार को नगर पालिका सचिव नवीन नांदल की मौजूदगी में दोनों ठेकेदारों और सफाई कर्मचारियों के बीच दो दौर की वार्ता हुई। नपा सचिव कार्यालय में हुई बैठक में रोहतक से सफाई कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अनिल कागड़ा, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान महासचिव सुनील कुमार अहलावत व सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत भी शामिल हुए। ठेकेदार निरंजन त्यागी और राहुल ने अपना पक्ष रखा और सफाई कर्मचारियों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई।



**महम।** सफाई कर्मचारियों और ठेकेदारों को समझौते के लिए राजी करते नगर पालिका सचिव नवीन नांदल। फोटो : हरिभूमि

पीएफ, ईएसआई, दस्ताने आदि के मुद्दों पर सहमति बन गई। लेकिन वेतन वृद्धि को लेकर मामला अटक गया। 2 घंटे तक चली इस बैठक में ठेकेदारों की ओर से निरंजन त्यागी ने कहा कि अब इन कर्मचारियों को 11 हजार रुपए वेतन मिलता है। उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए वे 12 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन देने के लिए तैयार हैं। इससे ज्यादा वेतन वे नहीं दे सकते। क्योंकि इससे कंपनी को नुकसान उठाना पड़ेगा। सफाई कर्मचारियों व उनके नेताओं ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। वे पिछले 17 दिन से हड़ताल पर हैं। वे हड़ताल समाप्त कर काम पर जाने के लिए तैयार हैं, यदि 12 हजार वेतन दिया जाए और इनसे अलगा उनके पीएफ व ईएसआई के पैसे ठेकेदारों द्वारा जमा करवाए जाएं। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, पार्षद मोनू जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार और पार्षद अनिल चावरिया ने भी दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन अंत में दोनों पक्षों के बीच वार्ता विफल हो गई और सफाई कर्मचारी फिर से हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों ने नपा सचिव, ठेकेदारों और नगर पालिका के पूर्व प्रधान फतेह सिंह के खिलाफ नारेबाजी की।